आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांक 18.03.2024 समय 18.30

- उच्चतम न्यायालय ने भारतीय स्टेट बैंक को चुनावी बॉन्ड से जुडी सभी जानकारी देने के निर्देश दिये।
- प्रदेश में आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए पुलिस की सघन नाकेबंदी–थानों में लाईसेन्सशुदा हथियार जमा करना हुआ शुरू।
- स्टार्टअप महाकुंभ आज से नई दिल्ली में शुरु–तीन दिन के महाकुंभ में दो हजार से ज्यादा स्टार्टअप के भाग लेने की संभावना।
- जयपुर ग्रामीण जिले के चंदवाजी थाना इलाके में सडक हादसे में चार लोगों की मौत

000

उच्च्तम न्यायालय ने आज भारतीय स्टेट बैंक–एसबीआई को चुनावी बॉन्ड से संबंधित सभी विवरण की जानकारी देने के निर्देश दिये है। मुख्यं न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने एसबीआई को 21 मार्च तक क्रेता और प्राप्तकर्ता राजनीतिक पार्टी के बीच के संपर्क को दर्शाने वाले यूनिक बॉन्ड नंबरों की भी जानकारी देने को कहा है। सर्वोच्च न्याायालय ने एसबीआई के अध्यक्ष को 21 मार्च की शाम 5 बजे तक न्यायालय के समक्ष एक हलफनामा दाखिल करने के आदेश दिये है। इस में यह दर्शाया जाना चाहिए कि एसबीआई ने बॉन्ड से संबंधित सभी जानकारी का खुलासा कर दिया है।

000

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस और प्रशासन मुस्तैदी से काम कर रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी बैठकों का आयोजन कर चुनाव सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने में लगे हुए है। इसी कडी में भीलवाडा जिले के निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता ने चुनाव से जुडे अधिकारियों की आज बैठक ली। इसमें आदर्श आचार संहिता की पालना को लेकर चर्चा की गई। श्री मेहता ने भीलवाडा लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से 26 अप्रैल को अवश्य रूप से मतदान करने की अपील की।

.................

अजमेर में आदर्श आचार संहिता की पालना और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस ने लाइसेंसशुदा हथियार थानों में जमा करना शुरु कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उनके क्षेत्र में जितने भी हथियार हैं, उन्हें जमा किया जाए। अब तक डेढ़ हजार से अधिक रिवाल्वर, पिस्टल और बंदूकें थानों में जमा हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि बैंक, औद्योगिक संस्थानों और संवेदनशील संस्थाओं को जारी हथियारों को छोडने का निर्णय लेने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। इस बीच, पुलिस मुख्य मार्गों पर नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी ले रही है, साथ ही विभिन्न थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च भी किया जा.रहा है। डूंगरपुर में पुलिस ने गुजरात राज्य से लगे प्रदेश के 7 बॉर्डर पॉइंट पर नाकेबंदी कर सघन चेकिंग शुरू कर दी ही। लाइसेंस वाले हथियारों को थाने में जमा किया जा रहा है।

.......................

चुरू ज़िले के रतनगढ़ में पुलिस ने एक रोडवेज बस में तलाशी लेकर 21 किलो चांदी के बर्तन बरामद किए हैं। यह कारवाई आचार संहिता की पालना के तहत् की गई है। बस सरदार शहर से कोटा जा रही थी।

000

प्रदेश में स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न पहलो के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। उदयपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में फतेहपुरा स्थित एक होटल में रंगोथान–5 कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें 2 हजार 500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक ने सभी

प्रतिभागियों को वोटर हेल्पलाइन एप, नए रजिस्ट्रेशन, सक्षम एप, सी विजिल एप और केवाईसी ऐप की जानकारी दी।

वही उदयपुर शहर के वार्ड नंबर 56 में विभिन्न मतदाताओं ने वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से मतदाता सूची में अपने नाम चेक किये और जिन के नाम कट गए थे उनके नाम दुबारा वोटर हेल्पलाइनऐप के माध्यम से जुड़वाएं। उधर बालोतरा ज़िले में आज महिला और बाल विकास विभाग की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मतदान अवश्य करने का संदेश दिया गया।

000

जयपुर में आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में विभिन्न राजनैतिक दलों से आए पूर्व विधायक, जिला परिषद सदस्य और पंचायत समिति सदस्यों के साथ सरपंच और 36 से ज्यादा नेता भाजपा में शामिल हो गए। इस अवसर पर जालौर के पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, देवली–उनियारा से आरएलपी प्रत्याशी रहे डॉ. विक्रम सिंह गुर्जर, एससी प्रकोष्ठ जालौर के जिलाध्यक्ष गोकुल परिहार, समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व सदस्या भावना गर्ग और फैशन डिजाइनर अर्चना सुराणा सहित अन्य लोगों को मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं।
चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा। इसी कड़ी में आज सुनिये हनुमानगढ से हमारे श्रोता का संदेश –

...............

000

स्टार्टअप महाकुंभ आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरु हुआ। 20 मार्च तक चलने वाले इस आयोजन में विभिन्न स्टार्टअप के अलग–अलग पवेलियन बनाए गए हैं। इनमें एआई, बीटूबी, एग्रीटेक, डीपटेक, क्लाईमेट टेक, गेमिंग, ई–स्पोर्ट्स और फिनटेक जैसे अनेक विशेष पवेलियन शामिल हैं।
इस महाकुंभ का उद्देश्य पूंजीपतियों और निवेशकों को भारतीय व्यापार के साथ जोड़ना है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग – डीपीआईआईटी के सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि भारत तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप तंत्र का देश है और नए स्टार्टअप की इस सूची में प्रतिदिन बड़ी संख्या में वृद्धि हो रही है। स्टार्टअप महाकुंभ में दो हजार से ज्यादा स्टार्टअप, हजारों निवेशक, 30 हजार भावी उद्यमी और विश्वस्तरीय प्रतिनिधि मंडल के भाग लेने की संभावना है।

000

जयपुर ग्रामीण जिले के चंदवाजी थाना इलाके में आज सुबह दिल्ली–अजमेर हाईवे पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़े ट्रेलर में जा घुसी। हादसे में कार मे सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया। चंदवाजी थानाधिकरी सुगन सिंह राठौड़ ने बताया कि दिल्ली–अजमेर हाईवे पर सेवड माता मंदिर के पास एक ट्रेलर खराब होने के कारण सडक के किनारे खड़ा था। इस दौरान हाईवे पर शाहपुरा की तरफ आ रही कार ट्रेलर से टकराई और यह हादसा हुआ। हादसे के मृतक और घायल लोग आपस में रिश्तेदार हैं। ये सभी बुटाटी धाम दर्शन करने गए थे। उधर कोटा जिले के दीगोद थाना क्षेत्र में आज अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाईकिल पर सवार एक युवक की मौत हो गयी।

000

अजमेर के मदार रेलवे स्टशेन के पास एक सुपरफास्ट ट्रेन के इंजन तथा चार बोगियों के पटरी से उतरने से बाधित हुआ रेल यातायात सुचारू हो गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशिकिरण ने बताया कि राहत कार्य जारी है और अप तथा डाउन दिशा में रेल यातायात सुचारू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि साबरमती–आगराकैंट रेलगाडी को रवाना करने के बाद अन्य रेलगाडियों का संचालन शुरू हुआ। इस दुर्घटना के कारण छह रेल सेवाओं को रद्द किया गया। आठ रेलसेवाएं आंशिक रूप से रद्द की गयी, जबकि कुछ रेल सेवाओं को परिवर्तित मार्ग से चलाया गया है। इस बीच उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने कहा कि हादसे की उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी गई है। इस हादसे के सभी तकनीकी और मानवीय पहलुओं की जांच होगी।

000

डीग जिले में कल से तीन दिवसीय ब्रज होली महोत्सव का आगाज होगा। इस दौरान कई प्रतियोगिताए आयोजित की जायेंगी। मेला मैदान में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताए रखी गयी है। डीग महल में मेहंदी ,रंगोली और मूंछ प्रतियोगिता के आयोजन होंगे । शाम को रंगीन फव्वारों का संचालन होगा ।

बृज और राजस्थानी कलाकारों द्वारा लोक नृत्य की प्रस्तुतियां दी जाएगी । इसी दिन मुंबई के कलाकारों द्वारा मेगा कल्चर इवनिंग कार्यक्रम में गायन की प्रस्तुति दी जाएगी । गुलाल होली, कुंज गुलाल होली, दूध दही और लड्डू होली के साथ ही लठमार होली खेली जाएगी और कस्बे में शोभा यात्रा निकाल कर ब्रज की छटा बिखेरी जाएगी। इस बीच बृज क्षेत्र भरतपुर में फागोत्सव की धूम मची हुई है।

....................

उधर शाहपुरा जिला मुख्यालय पर फूलडोल महोत्सव 20 मार्च से शुरू होगा। पहले दिन एकादशी पर थाल की शोभायात्रा निकलेगी। मुख्य रूप से पांच दिवसीय महोत्सव 25 से 30 मार्च तक आयोजित होगा। महोत्सव को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

000